# नकली शहद बेचने वाला गिरोह पकड़ा, चेतावनी दे छोड़ा

Publish Date:Mon, 27 May 2019 11:55 PM (IST)



रूपनगर शहर में नकली शहद बेचने वालों का एक गिरोह घूम रहा है।

जागरण संवाददाता, रूपनगर

रूपनगर शहर में नकली शहद बेचने वालों का एक गिरोह को लोगों ने पकड़ लिया। लोगों के घरों व दुकानों में जाकर असली व ताजा शहद बता कर लोगों को हजारों रूपए का नकदी शहद बेचते हैं। इन लोगों से शहद खरीदने वाले शाकीर निवासी आदर्श नगर रूपनगर ने बताया कि रविवार को गिरोह के सदस्यों से उन्होंने डीएवी स्कूल के पास 300 रुपए के किलो के हिसाब से 8 हजार रुपए का 27 किलो के करीब शहद खरीदा था। जिसमें उन्होंने 1500 रुपए और सोनू निवासी लहरीशाह मंदिर ने 2200 रुपए, संदीप कक्कड़ रैलों कलां ने 1500 रुपए, मनजीत सिंह डीएवी स्कूल ने 500 रुपए व अन्य मार्किट के दुकानदारों ने भी शहद खरीदा था। इसके अलावा मौके पर सस्ता शहद देख कर आसपास के लोगों ने गिरोह के सदस्यों से 15 हजार रुपए के करीब का शहद खरीदा था। जिसके बाद सभी ने आपस में बांट लिया। जब वह शहद घर में लेकर जाने के बाद बच्चों ने खाया तो अचानक उनके पेट में दर्द होने लगा और उल्टियां लग गई। उन्होंने बताया कि जिसके बाद उन्होंने बाकी साथियों को भी शहद खाने से मना किया। उन्होंने प्रशासन अधिकारियों से मांग की है कि इस तरह का खाने पीने का सामान बेचने वाले लोगों को रोकना चाहिए ताकि लोगों की सेहत खराब न हो।

सोमवार को रूपनगर में दोबारा शहद बेचने पहुंचे गिरोह के सदस्यों एक सदस्य ने ज्ञानी जैल सिंह नगर में स्थित एलआईसी दफ्तर में पहुंच कर शहद खरीदने के लिए कहा और मौके पर पहुंच कर उन लोगों ने नए पुल के पास बैठे अन्य तीन साथियों को काबू कर लिया। जिसके बाद लोगों ने पूरी बाल्टी नकली शहद सरहिद नहर में गिरवा कर गिरोह सदस्यों को चेतावनी देकर छोड़ दिया।

ताजा शहर देने का झांसा देकर फंसाते हैं जाल में गिरोह के एक सदस्यों ने बताया कि वो घरों व दुकानों पर जाकर पूछते हैं कि ताजा शहद चाहिए तो वह अभी आपके सामने पेड़ से मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकाल कर देंगे। जिसके बाद शहद लेने वाले ग्राहक को साथ में लेकर जाते थे और अन्य सदस्य एक पेड़ की डाल पर पहले से ही कुछ मधुमक्खियों सहित उसका छत्ता लगा कर बैठ जाता था और ग्राहक के पहुंचने पर उसके सामने उस पेड़ से चिपकाए गए छत्ते को उतार लेते थे और एक बाल्टी में इक्कठा करके नकली शहद को असली शहद बता कर बेच देते थे।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/punjab/ropar-fake-honeymoon-gets-honey-leave-warning-19261451.html